07 शिक्षित बालिका दो परिवार और आने वाली पीढ़ियों को ...



08 किसान जागृति संगठन का उपज का भाव दो-खाद दो...






## खबर संक्षेप

### सिरोंज विधायक करेंगे योजनाओं की समीक्षा

**विदिशा।** सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के निर्माण कार्यों और हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आज ली जाएगी। यह बैठक सिरोंज पॉलिटेक्निक कॉलेज में दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। सिरोज, लटेरी अनुविभाग क्षेत्रों में विभागवार संपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाए एवं निर्माण कार्य संबंधी समीक्षा की जाएगी। विभागों के अधिकारियों को समुचित जानकारी सहित उपस्थित होने की सूचना दी गई है।

### कार्यकारिणी समिति की बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की कार्यकारणी समिति की बैठक आज गुरुवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में शाम 4 बजे से शुरू होगी।

### शमशाबाद विधानसभा का सम्मेलन आज

**विदिशा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र का विधानसभा सम्मेलन आज नटेरन में होगा। कार्यकर्ताओं से दोपहर एक बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

### मनाई एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि

**गुलाबगंज।** वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। स्कूल डायरेक्टर दानिश अली जाफरी ने कहा कि मिसाइल मैन के नाम से मशहूर अब्दुल कलाम का पूरी जीवनी आज की युवा पीढ़ी और नई पीढ़ी के लिए एक शिक्षा की तरह है। स्कूल प्रिंसिपल अजय कुमार दास ने कहा की देश का सर्वोच्च पद पाने के बाद भी कलाम साहब हमेशा जमीन से जुड़े रहे उनका स्वभाव बेहद सहज सरल और विनम्र था वह हमेशा खुद को एक वैज्ञानिक व शिक्षक की तरह ही देखा करते थे बच्चों के द्वारा कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### दो नाबालिग खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया

**विदिशा।** जिले में गुमशुदा एवं अपहता बालक-बालिकाओं की तलाश और सुरक्षित दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपहत दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। 13 अक्टूबर को करैया खेड़ा रोड निवासी 16 वर्ष एवं 15 वर्ष की दो नाबालिग बालिकाओं के अपहरण की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी।

### दीपावली से पहले वेतन देने सीएमओ को ज्ञापन



**विदिशा।** नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारियों को दीपावली से पहले वेतन दिया जाए। जिससे वह खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ दीपावली का त्यौहार मना सकें। छोटे-छोटे दुकानदार बड़ी आश के साथ अपने परिवार के साथ दीपावली मनाते हैं इसलिए नगरपालिका प्रशासन से उन्होंने मांग की है कि छोटे दुकानदारों को बेवजह भी परेशान न किया जाए।

## प्रदेश में विदिशा अव्वल: धरती आबा जनभागीदारी अभियान में कलेक्टर के नवाचारों से मिली सफलता

अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों और उनके बच्चों को शासन की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक हितलाभकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



धरती आबा जनभागीदारी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल रहा है।

यह सफलता कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में किए गए नवाचारों, समन्वय और सतत निगरानी के फलस्वरूप संभव हुई है। नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए आंकलन उपरांत जारी सूची में विदिशा जिले ने प्रदेश के सभी जिलों में पहला स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर के निर्देशन में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के 86 चिंहित ग्रामों में विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों और उनके बच्चों को शासन की विभिन्न व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक हितलाभकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से किया गया। जिले में अभियान को एक जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए प्रशासनिक टीमों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं और ग्राम स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के समन्वय से प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया गया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को गति देना है। विदिशा जिले की यह उपलब्धि सभी विभागों और ग्राम स्तर पर कार्य करने वाले साथियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

### कैंपों के माध्यम से 779 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए

उल्लेखनीय है कि आदिकर्मी अभियान के तहत विदिशा जिले द्वारा किए गए नवाचारों ने आदिवासी समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कैंपों का आयोजन और जनभागीदारी के माध्यम से न केवल योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ी बल्कि समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास हुए हैं। जिले के प्रशासन ने समय-समय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित की। नवाचारों के चलते आदिवासी समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है, जिससे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। इन्हीं समर्पित प्रयासों के लिए विदिशा जिले को राज्यभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के प्रशासन और आमजनता के संयुक्त प्रयासों का परिचायक है। धरती आबा अभियान में चयनित प्रत्येक ग्राम में कैंपस का आयोजन कर हितग्राहियों को लाभ देते हुए 713 आधारकार्ड, 519 आयुष्मानकार्ड, 179 समग्र आईडी, 243 राशन कार्ड, 219 उज्ज्वला कनेक्शन, 779 जाति प्रमाण पत्र, 226 जनधन खाते एवं 329 जीवन ज्योति बीमा कराए गए।

## व्यापारियों के विरोध के बाद प्रशासन को लेना पड़ा नया फैसला

# खाद वितरण के लिए बनाई व्यवस्था फेल ऑफलाइन टोकन से भी मिलेगा उर्वरक

*खाद वितरण के लिए एक अक्टूबर से शुरू की गई ऑनलाइन टोकन व्यवस्था 15 दिन भी नहीं टिक सकी आखिर में पुराने हिसाब से ही ऑफलाइन टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की व्यवस्था लागू करनी पड़ी। एक दिन पहले उर्वरक विक्रेताओं ने दुकानें बंद कर ऑनलाइन टोकन व्यवस्था का विरोध किया था।*

तकनीकी दिक्कतों का समाधान करने के बाद लागू की जाएगी ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कृषि विभाग द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई-टोकन प्रणाली आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि जिले के सभी भू-स्वामियों को उनके धारित रकबे एवं बोई जाने वाली फसल के अनुसार समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

हालांकि, प्रारंभिक चरण में कुछ तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं जैसे फार्मर आईडी अपडेट न होना, वितरण केंद्रों पर सही स्टॉक का न दिखना तथा ई-टोकन जारी न हो पाना। इन समस्याओं के समाधान हेतु योजना में आवश्यक संशोधन के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कृषि अधिकारी व समितियों को दिए निर्देश

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के समस्त कृषि अधिकारियों, सहकारी संस्थाओं एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि जिन किसानों का ई-टोकन जनरेट नहीं हो पा रहा है अथवा फार्मर आईडी जारी नहीं हो सकी है, उन्हें बिना उर्वरक दिए वापस न किया जाए। सभी पात्र किसानों को उनके रकबे और फसल के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि उर्वरक वितरण के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं पंजी का संधारण अनिवार्य रहेगा। साथ ही, ई-टोकन या फार्मर आईडी जारी न होने के कारणों का पृथक रिकॉर्ड रखकर संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाए।

नए आदेश के तहत जिन किसानों का ई-टोकन जनरेट नहीं हो रहा है, उनके लिए ऑफलाइन टोकन प्रणाली भी लागू की गई है। डबललॉक केन्द्रों पर रोज 150 किसान, एमपी एग्रो केंद्रों पर 75 किसान, निजी विक्रेताओं से 100 किसान उर्वरक ले सकेंगे। डबललॉक केंद्र के लिए अलग मोबाइल नंबर जारी किया जाएगा।

### निगरानी के निर्देश

ई-टोकन पोर्टल पर प्रदर्शित ऐसे उर्वरक जिनके टोकन जारी हो चुके हैं लेकिन निर्धारित समय में विक्रय नहीं हुआ, उन्हें ऑफलाइन विक्रय कर पंजी में नियमानुसार दर्ज किया जाएगा। कृषि विस्तार अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी विक्रय केन्द्रों पर ई-टोकन बुकिंग एवं वितरण प्रक्रिया पारदर्शी रूप से संचालित हो। सभी विक्रेताओं को प्रतिदिन की विक्रय जानकारी उप संचालक कृषि कार्यालय विदिशा को भेजना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि किसानों को उर्वरक वितरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की मंशा है कि हर पात्र किसान को समय पर, उचित मूल्य पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक मिले।

### खाद वितरण व्यवस्था का लिया फीडबैक

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशा पर जिले में प्राथमिक कृषि साख समितियों में खाद वितरण व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। राजस्व अधिकारियों ने समितियों में खाद की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, वितरण रजिस्टर व किसानों को दी जा रही रसीदों की जांच की। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि खाद का वितरण केवल पंजीकृत रकबे और आधार सत्यापन के अनुसार ही किया जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी न हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी व एनपीके का स्टॉक बनाए रखा जाए और वितरण प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल पर अद्यतन रहे। सिरोंज एसडीएम एचआर विश्वकर्मा ने बडोदाताल समिति, तहसीलदार ने रंगई समिति तथा कुरवाई तहसीलदार ने डबल लॉक कुरवाई का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया कि इस वर्ष वितरण प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी रही है।

## सिविल लाइन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 10 ग्राम ब्राउन शुगर और अवैध हथियार बरामद, आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रुसल्ला रोड बायपास के पास मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 10 ग्राम ब्राउन शुगर, दो तलवारों सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी आरके मिश्र के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के पास से तलवार बरामद होने पर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं, पांच अन्य आरोपियों को शांति भंग की आशंका में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में ऋतिक कुशवाह 22 साल करैयाखेड़ा रोड, विशाल कुशवाह 24 साल करैयाखेड़ा रोड, अभिषेक उर्फ शेखू 22 साल निवासी करैयाखेड़ा रोड, संजय अहिरवार 18 साल निवासी गरीब धाम कॉलोनी, दीपक कुशवाह करैयाखेड़ा रोड, सुशील कुशवाह करैयाखेड़ा रोड, कुलदीप वंशकार, गणपति विहार कॉलोनी, संजय अहिरवार गणपति विहार कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।

### 3 आरोपियों का है आपराधिक रिकॉर्ड

ऋतिक कुशवाह पर आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले से मामले दर्ज हैं। वहीं विशाल कुशवाह का भी आपराधिक रिकार्ड है उस पर कई धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। अभिषेक उर्फ शेखू पर भी थाने में मामला दर्ज है। यह तीनों पहले से ही आदतन अपराधी रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों एवं अवैध हथियारों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील किया

**विदिशा।** कुरवाई तहसील के ग्राम सिहोरा में अवैधानिक रूप से संचालित एक क्लीनिक की एसडीएम की उपस्थिति में जांच की गई। तहसीलदार नागेश पवार ने बताया कि जांच के दौरान क्लीनिक में एक्सपायरी डेट की दवाइयां पाई गईं। जिन्हें जब्त किया गया है। नियमों के उल्लंघन एवं मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही को देखते हुए क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

## नायब तहसीलदार ने बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

हैदरगढ़ में बुधवार को हाट बाजार में कई पटाखा विक्रेता बिना लाइसेंस के दुकानें लगाकर खुलेआम पटाखों की बिक्री कर रहे थे।

सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जांच में लगभग 10 से 12 दुकानदार बिना लाइसेंस के पटाखे बेचते हुए पाए गए।

प्रशासन ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस वाली सभी दुकानों को बंद कराया और संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि पटाखों की बिक्री विस्फोटक अधिनियम के तहत आती है, इसलिए बिना लाइसेंस कारोबार करना अपराध है। यदि दोबारा बिना अनुमति पटाखे बेचे गए तो कानूनी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। हाट बाजार में 84 गांवों से बड़ी संख्या में लोग समान खरीदने हैदरगढ़ पहुंचते हैं।

### सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए

**विदिशा।** दीपावली के मद्देनजर तहसीलदार प्रीति पंथी ने फटाकों की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर पटाखों के सुरक्षित भंडारण, लाइसेंस, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा दुकान संचालन की जांच की गई। श्रीमती पंथी ने दुकानदारों को पटाखों के विक्रय में सुरक्षा मानकों का पालन करने, समय सीमा में ही विक्रय करने तथा प्रतिबंधित पटाखों का विक्रय न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### एक वर्ष पुराने पॉक्सो प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** त्योंदा पुलिस ने एक वर्ष पुराने गंभीर पॉक्सो प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी ने एक वर्ष पूर्व नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद थाना त्योंदा पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता के साथ जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़िता के परिजनों ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए हैं।

## जलकर की वसूली करेंगी स्व सहायता समूहों की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण को ग्राम पंचायतों के सुपुर्द किए जाने के बाद अब इनके सुचारू क्रियान्वयन में जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

ग्राम पंचायतों के माध्यम से जलकर वसूली में पारदर्शिता एवं निरंतरता बनी रहे, इसके लिए ग्रामों की महिला स्वसहायता समूहों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यपालन यंत्री अनुपम गोहई ने बताया कि गत दिवस ग्यारसपुर और विदिशा विकासखंडों में नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं जलकर वसूली से संबंधित कार्यों पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याओं के साथ-साथ विभिन्न ग्रामों के पंप एवं वाल्व ऑपरेटरों ने भाग लिया।

### तकनीकि जानकारी दी

ग्यारसपुर में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को नल-जल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव की तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही, जलकर वसूली की प्रक्रिया और फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच की विधि समझाई गई। उन्होंने कहा जनभागीदारी से ही जल प्रबंधन टिकाऊ बन सकता है। विदिशा में आयोजित प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूहों की सदस्याओं को जल प्रबंधन के तकनीकी की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने अपने-अपने ग्रामों में नल-जल योजना के जलकर वसूली को जिम्मेदारीपूर्वक निभाने का संकल्प लिया।

## अतिक्रमण से प्रभावित बाजार: व्यापार महासंघ ने कलेक्टर से की स्थाई हल निकालने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

व्यापार महासंघ के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर सड़क किनारे, फुटपाथ और ठेले पर व्यापार करने वालों के कारण उत्पन्न हो रही अव्यवस्था पर चिंता जताई। व्यापारियों ने कहा कि अतिक्रमण के चलते ग्राहकों को वाहन पार्क करने में परेशानी होती है और आए दिन झगड़े की स्थिति बनती है, जिससे स्थायी दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। महासंघ अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने कहा कि स्थाई दुकानदार लाखों-करोड़ों रुपए निवेश कर व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन फुटपाथ और सड़क किनारे व्यापार करने वालों से उनका धंधा चौपट हो रहा है। नगरपालिका अब तक इन अस्थायी व्यापारियों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं कर पाई है, इसलिए अब स्थायी समाधान आवश्यक है।



### फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को स्थान देने की मांग

पूर्व अध्यक्ष देवराज अरोरा ने बताया कि पूर्व में प्रशासन ने दुकानदारों को चार फीट तक बोर्ड और तीन फीट तक सीढ़ी रखने की अनुमति दी थी, लेकिन अब सड़कें 30 फीट से घटकर महज 8 फीट रह गई हैं, जिससे आमजन और व्यापारियों दोनों को कठिनाई हो रही है। कलेक्टर से चर्चा के दौरान महासंघ उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने सुझाव दिया कि ठेले और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को नियत स्थान आवंटित किए जाएं। बड़ा बाजार, तिलक चौक, बांसकुली और बड़ी बजरिया क्षेत्र के लिए खाई क्षेत्र, जबकि निकासा, माधवगंज और रेलवे स्टेशन क्षेत्र के लिए मालवीय उद्यान, बालविहार के पीछे तथा कालीदास रंगमंच के पास स्थान तय किए जाएं। रामलीला क्षेत्र के ठेलों को पिछले गेट के पास स्थान दिया जा सकता है। इसके साथ ही चाट, टिकिया, नूडल्स, ईटली, आइसक्रीम आदि के लिए माधव उद्यान के पास फूड जोन या चौपाटी निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और बाजार भी सुव्यवस्थित होगा।

## पुलिस पंचायत में 12 वर्षों से बिछड़े रिश्तों में आई मिठास: कल तक नाराज माता-पिता और बेटे ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

रिटायर्ड कर्मचारी को वापस मिला किराए से दिया हुआ मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुल चार प्रमुख पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान किया गया।

बारह वर्षों से संपत्ति एवं कारखाने को लेकर चल रहे विवाद में माता-पिता और पुत्र के बीच वार्ता तक बंद हो चुकी थी। पुलिस पंचायत में दोनों पक्षों को समझाइश देकर सहमति बनाई गई। एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझते हुए परिवार ने पुरानी कटुता भुलाकर रिश्तों में नई शुरुआत की। दोनों पक्षों ने मिठाई खिलाकर सौहार्दपूर्ण तरीके से विवाद समाप्त किया। एक बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा शिकायत की गई कि उनका पुत्र माँ को अपशब्द कहता है। पंचायत के समक्ष दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद बेटे को उसकी माँ के त्याग का स्मरण कराया गया। भावनात्मक समझाइश के बाद पुत्र ने माता-पिता से क्षमा मांगी, पैर छुए और मिठाई खिलाकर भविष्य में कभी झगड़ा न करने की कसम ली।



### यह प्रकरण भी आए

एक बुजुर्ग दंपती द्वारा 7 वर्ष पूर्व गिरवी रखी चांदी की रकम की वापसी का मामला उठाया गया। पंचायत ने दोनों पक्षों को कानूनी पक्षों से अवगत कराकर सहमति कराई। अब बुजुर्ग दंपत्ति को निर्धारित राशि के अनुरूप रकम वापस की जाएगी। पुत्र के देहांत के बाद बहू से विवाद की शिकायत एक सीनियर सिटीजन द्वारा की गई थी। पंचायत ने दोनों पक्षों को सुनकर समझौता कराया कि बहू भरण-पोषण हेतु नियमित आर्थिक सहायता देगी तथा अन्य परिजन बिजली बिल व पुराने कर्जों के भुगतान में सहयोग करेंगे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4641
सरसों
न्यूनतम भाव-5390
उच्चतम भाव-7100
चना
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-5620
मसूर
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-6671
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव- 3012
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6150
मक्का
न्यूनतम भाव-930
उच्चतम भाव- 1740
धान
न्यूनतम भाव-1210
उच्चतम भाव- 2611
मूंग
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-5750
बटरी
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3000
धनिया
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6400
गेंहू
न्यूनतम भाव-2380
उच्चतम भाव-3451
अलसी
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 20114 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटरों का किया विरोध

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम उदयपुर में विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों के घरों में विद्युत मीटर लगाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया। बताया जाता है कि इन दिनों नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इन मीटरों से विद्युत चोरी रूकेगी, जबकि उपभोक्ताओं और नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट मीटर खपत से अधिक रीडिंग बताते हैं और उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का अतिरिक्त आर्थिक दबाब बनता है। मीटर तेज चलने या रीडिंग में गडबडी की शिकायत पर विद्युत अधिकारी ध्यान भी नहीं देते हैं और ज्यादा विरोध करने पर विदिशा जाकर शिकायत दर्ज कराने की बात कहते हैं। यहां उल्लेखनीय है कि स्मार्ट मीटर से हो रही गडबडी को लेकर प्रदेश भर में इनका विरोध हो रहा है और कांग्रेस ने भी जगह जगह इसको लेकर विरोध प्रदर्शन किए हैं और सरकार को ज्ञापन भी सौंपे हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन या सरकार पर इन विरोध प्रदर्शन का कोई असर नहीं हो रहा है और कंपनी अपने अभियान के तहत लगातार स्मार्ट मीटर लगाने का काम चला रही है। इसी कारण ग्राम उदयपुर में इसका विरोध हुआ।

# नपाध्यक्ष ने रिपटा घाट पर रखवाया नया चैंगिंग रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कार्तिक स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रिपटा घाट पर मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने नपा कर्मियों को निर्देशित करते हुए वहां पर लोहे का अस्थायी चेंजिंग रूम भी रखवाया।

बेतवा के इस रिपटा घाट पर अल सुबह सैकड़ो श्रद्धालु जिनमें महिला एवं पुरुष दोनों ही शामिल हैं वह कार्तिक स्नान के लिए जा रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न उठानी पड़े इसलिए नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव बुधवार की सुबह नपा के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बेतवा के रिपटा घाट पर पहुंची। उन्होंने नपा के सफाई कामगारों से भी रिपटा घाट की प्रतिदिन सफाई करने को कहा। साथ ही उन्होंने बेतवा मैया को दीपदान करते हुए क्षेत्र के कुशल मंगल की कामना की। इस मौके पर उनके साथ



नपाधिकारी वरुणेंद्र चौबे, मुन्ना महाराज, मयंक टॉक के अलावा अन्य नपा कर्मी मौजूद रहे।

यहां उल्लेखनीय है कि नपा द्वारा पूर्व में भी रिपटा घाट पर चैंगिंग रूम एवं चबूतरा बनवाए गए थे। लेकिन लोगों ने चैंगिंग रूम क्षतिग्रस्त कर दिए थे। अब इस कार्तिक स्नान के लिए बडी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही थी। जिसको देखते हुए नपाध्यक्ष के निर्देश पर नया चैंगिंग रूम रखवाते हुए अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

# कक्षा 9वीं की शौर्या ने ताइक्वांडो खेल में पाया सिल्वर मेडल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों सागर में आयोजित हुई 37 वीं जूनियर बालक बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बासौदा ताइक्वांडो क्लब की होनहार खिलाड़ी शौर्या जैन पुत्री रवीन्द्र कुमार जैन ने अंडर 68 किलोग्राम वेट कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया है। शौर्या बरेठ रोड स्थित एक स्कूल में कक्षा 9 वीं की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय बासौदा ताइक्वांडो क्लब के संचालक हेमंत कुमार विश्वकर्मा को दिया है। जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने खेल की बारीकियां को सीखा है। पूर्व में भी शौर्या ने 69 वीं शालेय खेल प्रतियोगिता 2025 में राज्य स्तर पर कांस्य पदक हासिल किया था। उनकी उपलब्धि पर अतुल कुमार विश्वकर्मा, यशराज राठौर, मोहित सूर्यवंशी सहित क्लब के सदस्यों इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

# पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन डॉ. अब्दुल कलाम की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती नगर में उत्साह पूर्वक मनाई गई। जगह जगह लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश के विकास में दिए गए उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में मिसाइल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि चाहे विज्ञान का क्षेत्र रहा हो या राजनीति में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करते रहे हैं। आज महान नेता और विख्यात वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती है यह वह दिन बन गया है, जब देश भर में उन्हें जनता के राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाता है। अंतरिक्ष और मिसाइल प्रौद्योगिकी में उनके योगदान को बहुत से लोग याद करते हैं। उनका जन्म 1931 में रामेश्वरम में मध्यम वर्ग परिवार में हुआ था। उन्होंने परमाणु ऊर्जा, मिसाइल तकनीकी में उल्लेखनीय कार्य कर देश को इन क्षेत्रों में अव्वल बनाया। इसी कारण उन्हें मिसाइल मैन भी कहा जाता है। वे देश के राष्ट्रपति भी रहे हैं। 2010 में यह तय किया गया कि उनका जन्म दिन विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जावेगा। वाचनालाय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की अग्नि और पृथ्वी मिसाइल के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रक्षा क्षमता के क्षेत्र में दो बड़ी उपलब्धियां हैं। अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर नरेंद्र जैन, घनश्याम सेन, मोहन सैनी, अंकित जैन सहित बडी संख्या में पाठकगण एवं नागरिक उपस्थित थे।





उधर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी देश के पूर्व राष्ट्रपति की जन्म जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। भारत रत्न मिसाइल मैन, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा विश्राम गृह के पास कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर समीर किरमानी, सैयद नदीम अली, शहर काजी बारी भाई, ईकबाल अहमद जिया, आमीन मंसूरी, रईस भाई, अकील खान, नदीम पठान, सादिक खान, महेंद्र वकील, नीरज कुशवाहा, दयाराम अहिरवार, यश नामदेव एवं अन्य कार्यकर्ता गण और नागरिकगण उपस्थित रहे।

## सैकड़ों बच्चों ने सीखा हाथ धोने का वैज्ञानिक तरीका



**गंजबासौदा।** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के सैकड़ों बच्चों को हाथ धोने का वैज्ञानिक तरीका समझाते हुए हाथ धुलवाए गए। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बच्चों को समझाया कि हाथ धुलाई कोई कार्यक्रम नहीं है ,बल्कि नियमित दिनचर्या की अनिवार्य प्रक्रिया है। इसलिए प्रतिदिन ही नहीं बल्कि जब भी भोजन करें, पहले साबुन से हाथ धोएं, ताकि हाथों में जमे कीटाणुओं को पेट में जाने से रोका जा सके। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, एनएसएस बालक- बालिका प्रभारी रजनी गुप्ता एवं कृष्ण पाल सिंह चौहान ने स्वयं सेवकों के साथ सैकड़ों बच्चों के साबुन और सेनेटाइजर के द्वारा हाथ धोने का अभ्यास कराया और बच्चों को बताया कि अधिकांश बीमारियों का सम्बंध गलत दिनचर्या और खान पान से है। इसलिए शरीर की स्वच्छता में हाथ धुलाई का खासा महत्व है। इस दौरान शिक्षक परिवार ने सहयोग किया।

# महिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एवं विधायक हरि सिंह रघुवंशी के निर्देशानुसार एवं शशि अनिल यादव नपा अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर में महिला सम्मेलन आयोजित किये जाने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक कर भाजपा महिला मोर्चा की सभी बहनों के सुझाव लिए गए। साथ ही आगामी कार्य की योजना भी बनाई गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगर मंडल अध्यक्ष सुमन आचार्य, पार्षद अंशलेखा भावसार, नीलू चौबे, ज्योति शर्मा, सरिता रघुवंशी, सरिता जैन, गायत्री रघुवंशी, चंद्रकांता नामदेव, रजनी रैकवार, शबनम बी सहित बडी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनों ने सहभागिता की।

# विद्यालय ने दीपावली महापर्व की दीं अग्रिम शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेन्ड्री विद्यालय त्योंदा रोड़ की छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बुधवार को नगर पालिका परिषद पहुंचकर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव एवं नपा प्रशासन को आगामी महापर्व दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए ग्रीटिंग कार्ड, उपहार, दिए आदि भी भेंट किए।



## एक और आतिशबाजी संग्राहक पर प्रकरण दर्ज

**गंजबासौदा।** पिछले दिनों त्योंदा रोड पर एक घर में अवैध रूप से रखे पटाखों में आग लगने की घटना के बाद प्रशासन ने आतिशबाजी का अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्ती से अभियान चला रखा है। इसी के तहत गत दिवस पुलिस ने वार्ड क्रमांक 10 निवासी राकेश जैन के घर से चार कार्टून एवं दो थैलों में रखे पटाखे, आतिशबाजी का सामान जब्त किया है। वहीं पुलिस ने गत दिवस ही रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी एक घर से आतिशबाजी का सामान जब्त किया था। पुलिस ने इस मामले में राकेश जैन के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जिस अवैध पटाखा गोदाम में आग लगी थी, वहां से भी पुलिस ने बडी मात्रा में आतिशबाजी बरामद की थी और उस मामले में दो लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया था। बताया जाता है कि नगर में आतिशबाजी लायसेंस लेने वाले कई दुकानदार दीपावली पर बाजार में आतिशबाजी विक्रय करते हैं और उसके बाद बचे हुए आतिशबाजी को अपने घरों में संग्रहित कर रखे रहते हैं। कई बार ऐसी ही संग्रहित आतिशबाजी के कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

## मुख्य मार्ग पर आया अजगर, यातायात थमा



**गंजबासौदा।** बुधवार की शाम बेतवा नदी नदी के गंज पुल पर एक विशाल अजगर सडक पार करता नजर आया। मुख्य मार्ग पर अजगर की मौजूदगी देख वाहन चालक घबरा गए और उन्होंने वाहन रोक लिए। अच्छी बात यह रही कि दोनों ओर के वाहन चालकों ने समझदारी का परिचय दिया और अपने वाहन रोककर अजगर को बिना छेडछाड सडक पार कर उसके गंतव्य की ओर जाने दिया गया। अजगर के निकल जाने के बाद इस मार्ग पर यातायात बहाल हो गया।

### एसजीएस कॉलेज में हुई संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी हुए चयनित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष ऋतुज एलिया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार, गुलाबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी डॉ अजय हजारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन और वंदना के साथ हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों का शॉल, श्रीफल और स्मृतिचिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह ने इस संभागस्तरीय प्रतियोगिता की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक के रूप में पलक तिवारी व जाह्नवी चतुर्वेदी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने जीवन में खेलों के महत्व बताते हुए महाविद्यालय को आयोजन पर बधाई दी और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे द्वारा किया गया। इस संभाग स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में भोपाल, नर्मदापुरम संभाग से सभी जिलों की महिला एवं पुरुष टीमों ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में आलोक कुमार सक्सेना, कुंदन सिंह(जिला टेबल टेनिस संघ भोपाल) एवं टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में विजय रावत (स्पोर्ट्स एंड एक्टिविटी ऑफिसर मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भोपाल) उपस्थित रहे। संभाग स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया। जिसमें महिला वर्ग में भोपाल विजेता, नर्मदापुरम उपविजेता, पुरुष वर्ग में भोपाल विजेता, नर्मदापुरम उपविजेता रहा। साथ ही महिला वर्ग में 5 खिलाडी एवं पुरुष वर्ग में 4 खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। समापन कार्यक्रम में सभी खिलाडियों एवं टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में कॉलेज स्टाफ,खिलाडी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मूल्य आधारित शिक्षाः उद्देश्य और प्रभाव पर हुआ राष्ट्रीय वेबीनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं वनस्पति विभाग, संस्कृत विभाग तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त संयोजन से मूल्य आधारित शिक्षाः उद्देश्य और प्रभाव विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय वेबीनार के संयोजक डॉ सरिता घेंघट एवं सहसंयोजक डॉ बी के प्रजापति एवं आयोजन सचिव प्रो.मनीष दुबे थे। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय संस्कृत इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. प्रयाग नारायण मिश्र और विशेष वक्ता के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अगरतला के साहित्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुशांत कुमार राज ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती




के पूजन और वंदन से हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। वेबीनार के प्रारंभ में शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय, विदिशा के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने जुड़कर इस कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की और वेबीनार के विषय की प्रासंगिकता को समझाया। वेबीनार के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. प्रयाग नारायण मिश्र ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उनका परिचय सहसंयोजक डॉ. बी के प्रजापति ने दिया। प्रोफेसर डॉ. मिश्र ने विस्तारपूर्वक मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता और वर्तमान में उसको किस प्रकार लागू किया सकता है, इस बारे में चर्चा की। उन्होंने वेद, पुराण और भगवत गीता के माध्यम से समाज में मूल्य आधारित शिक्षा की भूमिका के बारे में बताया। उनके वक्तव्य के बाद प्रथम सत्र का सारतत्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमन लता गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रथम सत्र में डॉ अनामिका प्रजापति एवं डॉ धीरेंद्र पटेल ने अपने शोध पेपर प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. सुशांत कुमार राज ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उनका परिचय डॉ. बिन्देश शुक्ला ने दिया। डॉ. राज ने मूल्य आधारित शिक्षा के अर्थ को समझाते हुए विद्यार्थियों के लिए इसकी आवश्यकता पर बल दिया। उनके द्वारा विभिन्न श्लोकों के माध्यम से मूल्य आधार शिक्षा की उपयोगिता को समझाया गया। द्वितीय सत्र का सारतत्व डॉ. बीके प्रजापति ने प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में डॉ. कल्पना पंचोली, डॉ. विजय शाक्य एवं संजीव कुमार रिसर्च स्कॉलर ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आभार का संयोजक डॉ. सरिता घेंघट एवं इस वेबीनार का संचालन आयोजन सचिव मनीष दुबे द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय वेबीनार हेतु लगभग 105 शोधार्थियों ने पंजीयन किया। इस वेबीनार के आयोजन हेतु डॉ. आर डी जाटव एवं सौरव विश्वकर्मा द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय शाक्य, डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. बिन्देश शुक्ला, डॉ. रेखा जांसल, सबिहा मंसूरी, श्री घनश्याम चौकसे,अभिषेक सिंह, डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, डॉक्टर एल एन दुबे , डॉ पवन जैन, डॉक्टर विकास, भावना रघुवंशी, सुधा पाठक, अर्चना चौधरी, डॉ सुनीता ठाकुर, डॉ सुनील पाटीदार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पोषण व अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, हुए कई कार्यक्रम

# शिक्षित बालिका दो परिवार और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देती है: पूनम श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम पंचायत रुसल्ली दामा में पोषण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार किट वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं महिलाओं में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और बालिकाओं के अधिकारों को सशक्त बनाना रहा। उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार भी विवरण किया गया।

कार्यक्रम में सुपरवाइज़र ईमा बेला,सुपरवाइज़र अनीमा मैडम,सरपंच वीरेन्द्र सिंह चौहान,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव सहित ग्राम की अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर पोषण, शिक्षा, और बालिकाओं के समान अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला।






### बालिकाओं के बिना राष्ट्र की प्रगति अधूरी

इस अवसर पर आगनबाडी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी बालिका अशिक्षित न रहे,क्योंकि एक शिक्षित बालिका दो परिवारों और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देती है। उन्होने कहा कि बालिकाएं समाज की रीढ़ हैं। इनके बिना किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों की भावना से प्रेरित किया। उन्होने शिक्षा के महत्व पर डालते हुए कहा कि शिक्षा ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है, बेहतर रोजगार के अवसर देती है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है। यह समाज में जागरूकता, समानता और न्याय को बढ़ावा देती है, तथा राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### समाज की एक गंभीर चुनौती है कुपोषण

वहीं सुपरवाइज़र ईमा बेला ने कहा कि कुपोषण हमारे समाज की एक बड़ी चुनौती है, जिसे सामूहिक प्रयासों से दूर किया जा सकता है। क्योंकि यह लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, जिससे गरीबी और बीमारियों का एक दुष्चक्र बनता है। यह न केवल पोषण की कमी है, बल्कि यह अधिक वजन और मोटापे के साथ-साथ पोषक तत्वों की कमी भी हो सकती है, और इसके गंभीर परिणाम होते हैं। वही ग्राम पंचायत सरपंच वीरेन्द्र सिंह चौहान ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज में ह्लसुपोषित भारत, सशक्त भारतह्व के निर्माण में सहयोग करेंगे।

## मातृशक्ति को जागृत करने के लिए सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन 26 को

### भारतीय नारी मातृ एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संपूर्ण चेतना जो परिवार की आधार शिला है: सरला भार्गव



**सिरोंज।** स्वामी विवेकानंद समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु -विद्या मंदिर लिंक रोड में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मातृशक्ति को केन्द्र में रखकर कुटुम्ब प्रबोधन एवं वर्तमान समय में नारी की भूमिका विषय पर माताओं के जागरण हेतु आदर्श मातृगोष्ठी का कार्यक्रम 26 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। साथ ही समाज में विषय का संदेश पंहुचाने हेतु बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती सरला भार्गव व विद्यालय की वरिष्ठ दीदियों द्वारा अपना विषय रखा गया। वही उन्होने कहा कि विद्या भारती मध्य भारत प्रान्त के द्वारा महिलाओं को जागृत करने हेतु विद्या भारती की योजना अनुसार सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जो कि मातृशक्ति को जगाने एवं आधुनिक युग में प्राचीन संस्कृति को पुनः जागृत करने के लिए यह गोष्ठियां की जा रही हैं। विद्या भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर तीस हजार गोष्ठियां आयोजित की जानी है। तथा मध्य भारत प्रांत में छः हजार गोष्ठियां आयोजित की जायेंगी एवं सिरोंज नगर में सौ गोष्ठियां विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जायेंगी।

### 26 अक्टूबर को गोष्ठियों का पहला आदर्श कार्यकम होगा

इस अवसर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए समिति की उपाध्यक्ष सरला भार्गव ने कहा कि भारतीय नारी मातृ एक व्यक्ति नही अपितु एक सपूर्ण चेतना जो परिवार की आधार शिला है। समाज की प्रेरणा है, नारी राष्ट्र की आत्मा है नारी संपूर्ण मानवता व प्रकित के प्रति दायित्व धारिणी के रूप में सदियों से प्रतिष्ठित रही है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, करूणा ममता, समर्पण, त्याग का स्वरूप माना है। वह घर परिवार की मर्यादाओं की रक्षक, समाज निर्माण की पथ प्रदर्शिका के साथ माता, पत्नी, बहन, बेटी के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में क्रमशः प्रेरणास्वरूप विश्वासपात्र, आशा की किरण बन कर जीवन के प्रत्येक चरण में कर्तव्य का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करती है। भारतीय महिला के भीतर अनेक ऐसे अन्तर्निहित गुण विद्यमान हैं जो बाहरी दिखावे से परे होते हुए भी उसे महत्वपूर्ण बनाते हैं। उसकी सहनशक्ति, धैर्य, करूणा, निस्वार्थ सेवा भावना और सहज बुद्धिमता ऐसे गुण हैं जो संकट के समय प्रकट होते हैं तथा वह परिवार, समाज और राष्ट्र को ही नहीं सारे विश्व की मानवता को दिशा देती है। नारी परिवार का केन्द्र है तथा हमारे राष्ट्र का केन्द्र परिवार है एवं नारी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है।

## श्रीराम फाइनेंस कंपनी ने 100 छात्र-छात्राओं को बांटी छात्रवृत्ति

# 'शिक्षा वह पूंजी है जिसे न कोई छीन सकता और नहीं कोई चुरा सकता'

न्यायाधीश तोमर ने छात्र-छात्राओं को दी पढ़ाई व कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

देश की प्रसिद्ध जानी-मानी कंपनी श्रीराम फाइनेंस द्वारा हर वर्ष अगस्त माह में कक्षा 7वीं व 9वीं पास करने वालों छात्र-छात्राओं को 4000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। तो वहीं कक्षा 9वीं से लेकर 11वीं पास करने वाले बच्चों को 4500 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

इसको लेकर इस वर्ष मंडी बाईपास रोड स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा छात्रवृत्ति एवं ऑफिस प्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सिरोंज सहित आसपास के स्कूलों के बच्चों को बुलाकर 100 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट नितेंद्र सिंह तोमर,जोनल बिजनेस हेड संतोष सिंह,रीजनल बिजनिज हेड अर्पित तिवारी,स्टेट हेड गोल्ड लोन संजय रघुवंशी,एफ डी कोऑर्डिनेटर अजय बाजपेई,रीजनल कनेक्शन हेड मुकेश शर्मा आदि कार्यक्रम में उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम का संचालन नोमान खान द्वारा किया गया और अतिथियों का गुलदस्ता एवं शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।




### सबको अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश नितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधिक साक्षरता कार्यक्रम गांव गांव में चलाए जाते हैं। जिसमें बच्चों एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया जाता है। कार्यालय में स्कूलों में जाकर बच्चों के उनके अधिकारों के बारे में बताया जाता है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति जिसका सालाना 200000 से कम की आए हैं कोई महिला हो या 18 वर्ष से अधिक कम उम्र का बालक है ऐसे लोगों को शासन की तरफ से निशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है। अगर आप में से भी इस कैटेगरी में आते हैं कोई भी केस कोर्ट में लगाना चाहते हैं कोई अधिवक्ता करना चाहते हैं तो जिला न्यायालय के पीछे मेरा कार्यालय है। उस कार्यालय में आकर आप संपर्क कर सकते हैं और आपको शासन की तरफ से अधिवक्ता दिलाया जाएगा। उद्देश्य यह है कि सबको बराबरी से सबको अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए कोई भी फाइनेंशियल स्ट्रांग नहीं है कोर्ट में केस लड़ने के लिए पैसा खर्च करना पड़ता है। अगर कोई सक्षम नहीं है तो उसके हितों की रक्षा करने के लिए कानून बनाया गया है। अगर आपके पास पैसा नहीं है जब भी आप अपना केस लड़ सकते हैं ऐसे काफी लोग हैं जिनका विवाद चल रहे हैं लड़ाई झगड़ों के विवाद कलेक्टर कार्यालय,तहसील कार्यालय,संबंधित कार्य,नामांतरण का कार्य,सीमांकन का कार्य आदि जिसमें भी परेशानी आ रही है अधिकारी कर्मचारी सहयोग नहीं करते कई बार लोग अपेक्षा रखते हैं अलग से पैसा दे ऐसी कोई भी समस्या हो अगर किसी के साथ आ रही है तो आप मेरे कार्यालय में आकर शिकायत कर सकते हैं और आवेदन भी पेश कर सकते हैं।

### कंपनी ने इन्हें किया सम्मानित

श्रीराम फाइनेंस द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति कार्यक्रम में आबिद खान,मुस्कान,नसीम खान,एन एस,गोविंद रघुवंशी,मुकेश जैन,अमित रघुवंशी,गणेश ट्रैक्टर,अनस खान,लखन वर्मा,होंडा शोरूम के संचालक अतहर गोरी,होंडा के संचालक योगेश भार्गव,वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणी पंथी,सलमान अमीन को सम्मानित किया। इस दौरान सिरोंज ब्रांच मैनेजर नीरज कुमार राठौर,गंजबासोदा के ब्रांच मैनेजर सैयद उमर,कुरवाई ब्रांच मैनेजर नवनीत यादव,कलेक्शन मैनेजर इल्यास खान, टीम लीडर अंकेश जैन, निकेश नामदेव, नोमान खान गोपाल राठौर कपिल रघुवंशी राहुल शर्मा शुभम राजपूत आकाश दांगी रामनरेश सोनू शर्मा रवि अहिरवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### हर वर्ष कंपनी के द्वारा दी जाती है छात्रवृति

वहीं जोनल बिजनेस हेड संतोष सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का क्या महत्व है शिक्षा व पूंजी है जो कभी ना हमसे छीन सकता ना कोई चुरा सकता इस प्रोग्राम के लिए श्रीराम फाइनेंस हर वर्ष 8000 बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई है पूरे मध्य प्रदेश में हमें यह गोरांवित करती है। हम शिक्षा को बढ़ावा देना चाहते हैं बिना शिक्षा कुछ नहीं है। उन्होनें हर मातृ शक्ति से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि अपने बच्चों को पढ़ाएं और आगे बढ़ाएं। श्रीराम फाइनेंस जैसा आप सब जानते हैं विकास 55 वर्षों से कंपनी कार्यरत है। हम सभी प्रकार की गाड़ियां फाइनेंस करते हैं। चाहे नया हो या पुराना हो सभी प्रकार की गाड़ियां दो चका से लेकर जितनी भी 40 50 चका की गाड़ियां आती हैं सब फाइनेंस करते हैं इसका उद्देश्य हमारा यह भी है हमें ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है हमारे मैनेजमेंट के द्वारा हमेशा बताया जाता और साहित्य किया जाता है यह काम आदमी को जिसको बैंक द्वारा बहुत सारे पेपर मांगे जाते हैं उन्हें हम कम पेपर में रन महिया करते हैं हम बीमा को भी आसन 12 किस्तों में बना देते हैं उसके साथ हेल्थ इंश्योरेंस भी करते हैं ज्यादा से ज्यादा कम ब्याज पर फिक्स्ड डिपॉजिट करते हैं। वही उन्होंने सिरोंज,बासौदा,कुरवाई की टीमो का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मौसम में बार-बार परिवर्तन आने से सेहत पर पड़ रहा बुरा असर

## बीमारों की सरकारी अस्पताल, प्राइवेट डॉक्टर के यहां लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

दीपावली पूर्व घरों दुकानों में साफ सफाई का कार्य चल रहा है धूल उडऩे शरीर में जाने से एलर्जी सर्दी जुकाम और सीर शरीर दर्द से पीड़ित लोगों की निरंतर संख्या बढ़ रही है। प्रतिदिन सिविल अस्पताल के साथ प्राइवेट अस्पतालों डॉक्टर के यहां भीड़ लग रही है । 5 दिनों तक अच्छी ठंड का माहौल बना रहा अब दो दिन से दिन और रात का तापमान बढऩे के साथ उमश का बना माहौल परेशानियों का कारण बन रहा है।



### दीपावली बाद जोरदार ठंड पड़ने की उम्मीद

भले ही ठंड के स्थान पर तापमान बढने से गर्मी उमस का माहौल बन रहा है। परंतु दीपावली बाद सीत का जोरदार दौर शुरू होने की उम्मीद है। जिस प्रकार इस वर्ष बारिश का लंबा दौर चला उसी प्रकार ठंड का जोरदार लंबा दौर चने की उम्मीद है। फिलहाल मरीजों की बढ़ रही संख्या जरूर चिंता का विषय है और गरीब मजदूर वर्ग की अधिकांश राशि उपचार में खर्च हो रही है

### मौसम का सेहत पर व्यापक असर

दो दिन पूर्व तक सुबह और रात में अच्छी ठंडक पडऩे से लोग गर्म कपड़ों की पूछ परख करने लगे थे कूलरों का उपयोग बंद हो गया था अब दो दिनों से दिन और रात का बड़ा तापमान का सीधा असर शरीर और सेहत पर पड़ रहा है। मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लोग सर्दी जुखाम बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी तो छोटे बच्चों के बीमार होने पर माता-पिता उठा रहे हैं बच्चों को सर्दी जुकाम होना बुखार आना सामान्य है परंतु जिस प्रकार कफ सिरप पर बैन लगा है उससे बच्चों के उपचार के लिए पालकों का परेशान होना शुरू हो गया है।

# दीपावली पर नगर की बढ़ी रौनक, वाहनों और सोने चांदी के जेवर खरीदी में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

दीपावली पर पुष्य नक्षत्र में वाहनों जेवरों के साथ घरेलू उपयोग की सामग्री खरीदने लोगों में भारी उत्साह नजर आ रहा है। भले ही सोने चांदी के दाम डेढ़ गुना तक हो गए हैं परंतु सोना खरीदने के प्रति महिलाओं में मोह बना हुआ है वही जीएसटी कम होने से चार पहिया दो पहिया वाहनों के साथ किसानों के लिए उपयोगी ट्रैक्टरों की जमकर बिक्री खरीद का माहौल बना नजर आ रहा है।

सोने के भाव में एकाएक हुई भारी बढ़ोतरी से लोग भौचक हैं कि सोने के दामों में इतना उछाल आने का क्या कारण है। भाव बढऩे से 24 कैरेट के स्थान पर 22-18 कैरेट के जेवरों की मांग बढ़ गई है इसी के साथ सोने के पोलिश वाले बेनटेक्स के जेवरों की भी भारी मांग हो रही है सराफा दुकानो पर पुष्य नक्षत्र में केवल खरीदने भीड़ का नजारा बना रहा केंद्र सरकार द्वारा वाहनों पर जीएसटी कम करने का सीधा असर दिखाई दे रहा है।

### सोने-चांदी के बढ़े दाम, उधर वाहनों के दाम हुए कम




### ट्रैक्टरों की भी भारी डिमांड

दो पहिया वाहनों की जमकर बिक्री हो रही है वहीं किसान अपनी खेती के लिए जरूरी ट्रैक्टरों एवं उपकरणों की भी खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। गुरु, पुष्य नक्षत्र में वाहनों जेवरों एवं घरेलू सामग्री का कारोबार होने का अनुमान है।

### धनतेरस पर खरीदारी

धनतेरस पर होगी खरीददारी दीपावली पर्व धनतेरस पर वहां सोने चांदी के जेवर बर्तन और घरेलू उपयोगी सजावट की सामग्री खरीदने की परंपरा बनी हुई है। भले ही सोनी चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं, परंतु धनतेरस पर कुछ ना कुछ खरीदने का प्रत्येक हिंदू परिवार द्वारा प्रयास किया जाता है। धनतेरस और दीपावली पर्व पर जमकर खरीदारी होने की उम्मीद से व्यापारियों में भारी उत्साह बना हुआ है।

## स्वदेशी मेले में स्थानीय कला, संस्कृति और हस्त शिल्प को मिलेगा एक साथ मंच: दुबौलिया

**सागर।** स्वदेशी जागरण मंच महाकौशल प्रांत की बैठक स्वावलंबी भारत अभियान कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्वदेशी मेला 2025-26 की तैयारियों की रूपरेखा तय करना था। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा "स्वर्णिम भारत वर्ष" के अंतर्गत स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से यह मेला दो साल से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष पुनः यह आयोजन 23 दिसंबर से 4 जनवरी तक सागर के पीटीसी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय संगठक केशव दुबौलिया ने कहा कि इस वर्ष के मेले को जन-जन का अभियान बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से महिलाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जाएंगे ताकि वे भी स्वदेशी भावना को समाज में आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

## 6 किलोमीटर 4-लाइन स्ट्रीट लाइट से होगा जगमग प्रस्ताव पारित

# नगर परिषद सामान्य सभा की बैठक में नगर विकास पर हुई चर्चा, नगर के प्रत्येक वार्ड में होंगे प्रमुख कार्य

- बैठक में वार्ड पार्षदों ने रखी समस्याएं, श्रीजी मंदिर जाने वैकल्पिक मार्ग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय की सभा कक्ष में नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में एमपी आरडीसी द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार नगर पंचायत की सामान्य सभा में फोरलेन 45 पर पोल लगाने बिजली बिल और मरम्मत इत्यादि का कुल दो लाख व्यय उठाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। अब 4-लाइन 45 नगर सीमा में रोशनी से जगमग होने का रास्ता साफ हो गया है।

नगर परिषद की बैठक में बार्ड के पार्षदों पार्षद प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने वार्डों की प्रमुख समस्याओं को रखा गया। श्रीजी मंदिर मार्ग निर्माण अतिक्रमण हटाने के साथ प्राचीन मंदिर में उत्सव त्योहारों की समय भारी भीड़ जाम लगने से श्रद्धालु परेशान और जोखिम भरी स्थिति बनती है श्रीजी मंदिर के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्माण की चर्चा हुई।




### विकास स्वच्छता में सहयोग जरूरी

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि नगर में विकास कार्य सडक़ों नालियों का निर्माण हो रहा है। पानी निकाशी की व्यवस्था भी की जा रही है। नगर विकास और स्वच्छता साफ सफाई में नगर वासियों का सहयोग जरूरी है चौधरी ने कहा कि वार्ड पार्षदों की मांग पर उनके वार्डो में प्राथमिकता से कार्य कराए जाने का प्रयास हुआ बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पार्षदों पार्षद प्रतिनिधियों सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इस संबंध में नगर परिषद बरेली सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने बताया कि नगर परिषद द्वारा नगर हित में प्रस्ताव पारित कर 4-लाइन के बिजली बिल मरम्मत का व्यय उठाने का प्रस्ताव पारित किया गया है इससे लगभग 2 लाख का खर्च नगर पंचायत पर आएगा।

# नगर के दशहरा हॉकी मैदान पर लगेगा पटाका बाजार

## मैदान पर हो रहा अस्थाई दुकानों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कुछ बरसों तक फटाका बाजार और दुकान पुरानी बगल वाला रोड पर एक खेत में लगती रही फटाका बाजार दशहरा हॉकी मैदान पर लगेगा इसके लिए मैदान में अस्थाई दुकानों का निर्माण शुरू हो गया है।

हॉकी मैदान शासकीय बालक हाई सेकेंडरी का है। हमेशा बड़ी सभाएं कार्यक्रम खेलों की प्रतियोगिताएं दशहरा हांकी मैदान पर होती हैं। फटाका दुकानों के लिए लाइसेंस तो जिला स्तर पर दिए जाते हैं राजस्व विभाग द्वारा फटाका दुकानों को लगाने लाइसेंसी दुकानदारों को नीलामी के द्वारा दुकानों का आवंटन किया जाता है।



7 से 28000 में एक दुकान राजस्व विभाग की बड़ी आई का स्त्रोत दशहरा मैदान बना हुआ है। दुकानदारों को उनकी चाहत के अनुसार स्थान का नीलम राजस्व विभाग द्वारा किया जाता है।

इस वर्ष दुकानों की नीलामी में 7 से 28000 रुपए तक एक दुकान नीलम हुई उसके महत्व के हिसाब से दुकानदारों द्वारा नीलामी में बढ़ चढक़र बोली लगाई गई। हांकी मैदान पर लगभग 70 दुकान और नीलामी से राजस्व विभाग को लाखों रुपए की आय हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में फटाका बेचने वाले दुकानदारों की संख्या भी बड़ी है। दीवाली पर लाखों का पटाखा कारोबार होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### रसायनिक दुर्घटना से बचाव पर हुई कार्यशाला



**रायसेन।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रसायनिक औद्योगिक दुर्घटना से बचाव तकनीक विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें गेल इण्डिया के सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर एसएमएल श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागियों को रसायनिक औद्योगिक दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव तकनीकों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान रसायन की पहचान और दुर्घटना की स्थिति में बचाव के अपनाए जाने वाले तरीकों को जानकारी विस्तार से समझाई गई और इंडस्ट्री में होने वाली दुर्घटनाओं के प्रबंधन की तकनीक भी बताई गई। कार्यशाला में अग्नि के प्रकरण, अग्निशामक यंत्रों के प्रकार, उनके उपयोग के तरीके, आग लगने की स्थिति में रेस्क्यू आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में होमगाड्र्स, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर में बिजली व्यवस्था को मिला नया दम



**सिलवानी।** क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बुधवार को विद्युत वितरण केंद्र सिलवानी अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र में स्थापित 3.15 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को हटाकर 5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इस तकनीकी कार्य के चलते सुबह साढ़े 10 बजे से बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रही। इस ट्रांसफार्मर के बदले जाने का लाभ सिलवानी शहर के पढ़ान फीडर, नीगरी कृषि फीडर, चून्हेटिया कृषि फीडर एवं जूनिया मिक्स फीडर के उपभोक्ताओं को मिलेगा। बिजली विभाग का कहना है कि ट्रांसफार्मर की क्षमता में यह वृद्धि आने वाले समय में लोड बढ़ने की स्थिति में भी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली प्रदान करने में सहायक होगी।

### वेलस्पन और सिंटेक्स ने मनाया दान उत्सव

**सलामतपुर।** वेलस्पन कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सिंटेक्स द्वारा 'दान उत्सव 2025' को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित इस विशेष अभियान में कुल 286 लोग शामिल हुए जिन्होंने महात्मा गांधी वृद्धा आश्रम, रायसेन को सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर 600 किलोग्राम सूखा राशन और 250 यूनिट अन्य आवश्यक वस्तुएँ एकत्रित की गईं। यह पहल समाज के प्रति संवेदनशीलता और सामुदायिक कल्याण की भावना को दर्शाती है। दोनों कंपनियों ने इस आयोजन के माध्यम से "साझा मानवता" और "सेवा के संकल्प" का संदेश दिया। वेलस्पन और सिंटेक्स की यह सामाजिक पहल न केवल जरूरतमंदों के जीवन में सहारा बनी बल्कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तर दायित्व की एक प्रेरणादायक मिसाल साबित हुई।

### कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ ना हो भेदभाव

**रायसेन।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा है कि सभी कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक द्वारा जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, व्हाट्सएप नंबर 07552555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# वोकल फोर लोकल...की तर्ज पर मिट्टी के दीयों पर लोगों का रुझान

- इलेक्ट्रॉनिक दीपक की भरमार के बाद भी बाजार में मिट्टी के दीये की मांग
- वोकल फोर लोकल को बढ़ावा देने लोग खरीद रहे मिट्टी से बने देशी दीये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का आत्मनिर्भर भारत में दिवाली पर्व पर भी भारतीय संस्कृति परंपरा का ध्यान रखते हुए वोकल फॉर लोकल व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाजार सज संवर रहा है।

इस लिहाज से कुम्हारों का देशी दिए भी मिट्टी से बनाए गए हैं। उन्हें बाजार से खरीदने लोगों को फोकस किया जा रहा है। नेताओं से लेकर समाजसेवी और अधिकारियों द्वारा देश में निर्मित उत्पादों और बनावट को बढ़ावा देने की बात फोकस की जा रही है।



## मिट्टी के दीपक बनाने में तेजी से जुटे कुम्हार

**दीवानगंज।** दीपावली पर महालक्ष्मी का पूजन मिट्टी के दीपक का प्रकाश करके किया जाता है। पूजन संपन्न होने पर दीपकों को घरों के कोने-कोने में रखा जाता है। बाजारों में भले ही इलेक्ट्रिक मोमबत्ती, दीपक व झालर की जबर्दस्त बिक्री हो रही हो, पर मिट्टी के दीये का अपना अलग महत्व है। प्रजापति समाज के लोग आजकल दीपावली पर्व के लिए चाक से मिट्टी के दीये बनाने में जुटे हैं। लोगों ने मिट्टी के दीपकों की खरीदारी शुरू कर दी है।

ग्राम अंबाडी के निवासी हल्केराम प्रजापति, अमन प्रजापति, राहुल प्रजापति, विक्की, छोटू प्रजापति, प्रताप प्रजापति, फूल सिंह, सीताराम, मलखान, श्रीराम प्रजापति ने बताया कि आज भी महालक्ष्मी की पूजा मिट्टी के दीपक से होती है। क्षेत्र में चिकनी मिट्टी उपलब्ध नहीं हो पाती। अन्य क्षेत्रों से मिट्टी की ट्राली मंगवानी पड़ती है। उसमें लागत अधिक आती है, जबकि इतनी आमदनी नहीं हो पती। पिछले साल 40 से 50 रुपये में 100 दीये बिकते थे। इस बार महंगाई के कारण दीये का भाव 60 के 100 कर दिया है।

### एक माह पहले शुरू हो जाता है दीपक निर्माण का काम

प्रताप सिंह और फूल सिंह का कहना है कि दीपावली पर दीपों की मांग खासी बढ़ती है। छोटे व बड़े दीयों के अलावा मिट्टी का अन्य सामान भी तैयार होता है। उनके परिवार के सभी सदस्य दीपावली के एक माह पहले से दीये बनाने में जुट जाते हैं। कुछ दुकानदार और ग्राहक उनके घरों से दीपक ले जाते हैं।

### हाथ के चाक का इस्तेमाल

सदियों से प्रजापति समाज हाथ के चाक से मिट्टी की वस्तु तैयार करता आया है। अब चाक से वस्तु बनाने में भी परिवर्तन आया है। अब चाक को हाथ से नहीं बिजली मोटर से चलाया जाता है। कुम्हारों ने बताया कि 50 गांव के ग्रामीण पूजन के लिए गणेश जी, दुर्गा जी, लक्ष्मी जी की मूर्ति खरीदते हैं। पूर्वजों का कार्य हम कर रहे हैं।

**सीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में किसानों ने कहा**

*दिन में 12 घंटे बिजली देने और 3300 रुपए प्रति क्विंटल धान का एमएसपी घोषित करने की मांग*

# किसान जागृति संगठन का उपज का भाव दो-खाद दो आंदोलन, सौंपा ज्ञापन

- किसानों ने कहा- भावांतर योजना किसानों के लिए नहीं बल्कि कंपनियों के फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसान जागृति संगठन किसान संयुक्त मोर्चा ने भोपाल रोड स्थित खाद गोदाम पर अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाए और उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा खाद बीज उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा अतिवृष्टि से हुए नुकसान, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी में असफलता, भावांतर योजना की बेकार नीतियां और बिजली से जुड़ी परेशानियों पर ध्यान दिलाया।

किसानों ने ज्ञापन में कहा कि भावांतर योजना वर्तमान में किसानों के लिए नहीं बल्कि बड़ी कंपनियों के फायदे के लिए है। उन्होंने इसे तुरंत रद्द करने और सोयाबीन सहित सभी फसलों की एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही, कम मूल्य पर खरीदने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर किसान जागृति संगठन के प्रमुख राजेन्द्र बाबू राय रज्जु भैय्या, संरक्षक इरफान जाफरी संगठन जिलाध्यक्ष रंजीत यादव कार्यालय मंत्री विजय चौकसे, मेहबूब पटेल आदि उपस्थित हुए।




### धान की खरीदी का मूल्य 3300 रुपए प्रति क्विंटल तय किया जाए

ज्ञापन में कहा कि चुनाव घोषणा-पत्र में धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया था। इस वर्ष धान की खरीदी का मूल्य 3300 रुपए प्रति क्विंटल तय किया जाए। इसके अलावा, खाद का पर्याप्त भंडारण किया जाए और हर किसान को उसकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाए। किसानों ने नकली खाद और बीज बेचने वालों और उनकी मदद करने वाले अधिकारियों को दंडित करने, किसानों को फसलों की सिंचाई पलेवा के लिए दिन में कम से कम 12 घंटे बिजली देने, स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने की भी मांग की।

## सुबह 6 बजे से खाद गोदाम पहुंचे किसान, घंटों करते रहे इंतजार

**रायसेन।** खाद के लिए भटक रहे किसानों को बुधवार को डबल लॉक गोदाम, एमपी एग्रो खाद गोदाम, जिला विपणन विभाग की संजय नगर स्थित खाद गोदाम से डीएपी का वितरण होना था। इसके लिए गोदाम पर सुबह से किसानों की भीड़ लग गई। लेकिन स्टॉक ऑनलाइन नहीं होने के कारण एक भी किसान को डीएपी, यूरिया खाद नहीं मिला है। दिनभर खाद मिले की उम्मीद में खड़े किसान मायूस होकर वापस लौट गए हैं।

मार्कफेड के गोदाम में किसानों को देने के लिए 1000 हजार बोरी डीएपी शनिवार रविवार को आ गया था। डीएपी लेने के लिए रायसेन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों किसान सुबह छह बजे से गोदाम के सामने एकत्रित हो गए। गोदाम खुलने के घंटों बाद भी वितरण शुरू नहीं होने पर किसानों में आक्रोश बढ़ गया।

मामला बिगड़ता देखकर गोदाम प्रबंधन ने किसानों को बताया कि मार्कफेड के वेबसाइट पर ऑनलाइन नहीं होने के कारण डीएपी खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है।

### 6 हजार किसानों को दिए टोकन

*प्रबंधन के मुताबिक 12 अगस्त से 14 अक्टूबर तक लगभग 6 हजार किसानों को खाद देने के लिए टोकन दिए गए हैं। इसमें से अभी तक लगभग 3000 हजार किसानों को ही खाद मिला है। बाकी रहे किसान डीएपी और यूरिया खाद लेने के लिए रोजाना गोदाम के चक्कर लगा रहे हैं।*

### पर्याप्त स्टॉक है

किसानों को पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर टोकन बांटे गए हैं। खाद का गोदाम में पर्याप्त स्टॉक है। किसानों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं।

**- कल्याण सिंह ठाकुर,** डीएमओ मार्कफेड रायसेन।

### इनका कहना है

गोदाम में 1000 हजार बोरी डीएपी है। स्टॉक ऑन लाइन नहीं होने से किसानों में वितरण नहीं हो सका। बुधवार को डीएपी खाद की बोरियां बांटी गई।

**-एके पुरोहित,** गोदाम प्रभारी मार्कफेड रायसेन

**अस्पताल से जांच के बाद किया डिस्जार्च**

## गैरतगंज नप अध्यक्ष व भाजपा मंडल अध्यक्ष को भेजा उपजेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर परिषद अध्यक्ष गैरतगंज जिनेश सिंघई और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गैरतगंज संजय उर्फ संजू जैन को बुधवार की शाम आखिरकार जेल वारंट के साथ जेल यात्रा के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि स्वास्थ्य की जांच के बाद डॉक्टर ने कर दिया था डिस्चार्ज। छाती में दर्द बताकर फिर से हुए आईसीयू यूनिट जिला अस्पताल में भर्ती।

गैरतगंज नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई और भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जैन उर्फ संजू जैन को गैरतगंज सिविल अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया था। दोनों भाजपा नेता गैरतगंज कोर्ट से जेल वारंट बनने के बाद बेहोश होकर न्यायालय परिसर में गिर गए थे। इन्हें सोमवार रात जिला अस्पताल में लाकर भर्ती किया था।

मंगलवार सुबह ड्यूटी डॉक्टर, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. एमएल अहिरवार ने चेकअप करने के बाद डिस्चार्ज कर दिया, उनका डिस्चार्ज पर्चा भी बना दिया गया था। थोड़ी देर बाद दोनों मरीजों ने छाती में दर्द होने की शिकायत की। इसके बाद उन्हें फिर से भर्ती कर लिया गया।

गैरतगंज पुलिस ने नप अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के खिलाफ बीएमओ अनिष्ट लाल से मारपीट और बदसलूकी शासकीय कार्य में



बाधा डालने वाली धाराओं में कोर्ट में चालान पेश किया था। मामले में न्यायाधीश ने उनका जेल वारंट जारी कर दिया था। यह सुनने के बाद दोनों बेहोश होकर जमीन पर गिर गए थे। पुलिस उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंची थी।

जिला अस्पताल के मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. एमएल अहिरवार ने बताया था कि जिनेश सिंघई को शुगर और बीपी की शिकायत है। इसमें भर्ती रखने की जरूरत नहीं होती है। इस कारण जिनेश और संजय को डिस्चार्ज कर दिया था। थोड़ी देर बाद ही वे दोनों सीने में दर्द की शिकायत करने लगे। इस कारण उन्हें फिर से भर्ती कर लिया है। लेकिन बुधवार को दोपहर बाद फिर से दोनों नेताओं को डिस्चार्ज कर दिया। पुलिस द्वारा जेल वारंट होने के कारण उपजेल बेगमगंज के लिए भेज दिया है।

## सड़क के बने गड्ढे से अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे पर स्थित पुरानी चौकी दीवानगंज पर सड़क के गड्ढे को बचाने में बुधवार को एक बाइक सवार अपनी पत्नी और डेढ़ साल की बच्ची के साथ रोड पर गिर गया। जिससे उसकी पत्नी और बच्ची घायल हो गई।

बाइक सवार यशपाल और पत्नी निधि उम्र 24 वर्ष और डेढ़ माह की बच्ची को लेकर इंदौर से ललितपुर जा रहा था। जैसे ही दीवानगंज पुरानी चौकी के सामने बड़े-बड़े गड्ढे आ जाने के कारण बाइक का पहिया गड्ढे में आ गया। जिससे बाइक चालक अपनी पत्नी और डेढ़ साल की बच्ची के साथ रोड पर गिर गया, जिससे उसकी पत्नी के हाथ पैर और मुंह में चोट आई वहीं बच्ची को भी चोट लगी है। दोनों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में इलाज किया गया।

बता दे की एक दिन पहले भी फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज के रागनी ढाबा के सामने एक मोटरसाइकिल चालक अपनी पत्नी के साथ गड्ढे के कारण गिर गया था।

## सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यालय को आदर्श कार्यालय बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों तथा कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालय में स्वच्छता हेतु विशेष सफाई अभियान प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों से अपने कार्यालय में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ




और साफ वातावरण में बैठने से सकारात्मकता महसूस होती है। सभी अपने कार्यालय को आदर्श कार्यालय बनाने कार्य करें। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में 16 अक्टूबर से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्ट्रेट भवन तथा परिसर में स्थित पार्क की भी साफ-सफाई के साथ सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कार्यालयीन रिकार्ड तथा दस्तावेजों का बेहतर तरीके से संधारण करें। साथ ही अनुपयोगी सामग्रियों का उचित निपटान करें। कार्यालय के मुख्य द्वार से लेकर कक्षों में साफ-सफाई हो और सभी के लिए बैठक व्यवस्था ठीक हो। कार्यालय के कक्षों के द्वार पर आवश्यक जानकारी का उल्लेख हो।

इसी प्रकार कार्यालय में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए वेटिंग एरिया, पीने के पानी की व्यवस्था और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था हो। कार्यालय परिसरों में सिगरेट, तंबाकू, पान व गुटखा का सेवन न हो, इस पर विशेष निगरानी रखी जाए।

# धान हुई पीली, खेतों में आई रौनक, दीवाली बाद किसान के घर आएगा धान रूपी सोना

### अच्छे दाम की उम्मीद में किसान कर रहे इंतजार, रेट 3500 तक पहुंचने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

क्षेत्र के खेतों में इस समय हरियाली की जगह सुनहरी आभा दिखाई दे रही है। धान की फसल अब पूरी तरह पकने को तैयार है और बालियों का पीला पड़ना किसानों के चेहरों पर उम्मीदों की चमक ले आया है। दीपावली पर जहां एक ओर घर-आंगन में दीप जलेंगे, वहीं खेतों में कटाई की हलचल शुरू हो जाएगी। किसान इस इंतजार में हैं कि इस बार धान की उपज के साथ उनके घर भी सोना आए।

किसानों देवराज पटेल, राजकुमार रघुवंशी, राजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि इस वर्ष फसल को माहू और इल्ली जैसे कीटों ने काफी नुकसान पहुंचाया। कई स्थानों पर बालियां कमजोर पड़ गईं और उत्पादन घटने का अंदेशा बना हुआ है। साथ ही, तेज बारिश और हवा के कारण फसल आड़ी हो गई, जिससे कटाई और उत्पादन दोनों पर असर पड़ा। फिर भी किसानों ने मेहनत से हार नहीं मानी और अब फसल को घर लाने की तैयारी में लग गए हैं।



### मंडी में भाव 3000, उम्मीदें 3500 तक

वर्तमान में मंडियों में धान का भाव 3000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुका है। हालांकि किसानों का कहना है कि अगर रेट 3500 से 4000 रुपये के बीच आते हैं, तभी इस साल की मेहनत वसूल हो पाएगी। अन्यथा लागत निकालना भी कठिन हो जाएगा, क्योंकि इस बार उत्पादन पर मौसम और कीटों की दोहरी मार पड़ी है।

### कटाई के साथ रबी सीजन की तैयारी

धान की कटाई से पहले ही किसान रबी फसलों की तैयारी में भी जुट गए हैं। खेतों में ट्रैक्टर की आवाजें सुनाई देने लगी हैं और किसान गेहूं, चना, मसूर आदि की बुआई की ओर बढ़ रहे हैं। दीपावली के बाद जहां एक ओर धान कटेगा, वहीं रबी की बुआई भी गति पकड़ लेगी।

### मिल संचालक बोले बढ़ सकते हैं दाम

*स्थानीय विंध्यांचल राइस मिल के संचालक संजय रघुवंशी का कहना है कि धान का बाजार भाव दीपावली के दो-तीन दिन बाद ही स्थिर होगा। लेकिन इस साल क्वालिटी अच्छी रही तो रेट 3500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि मौसम अगर साफ रहा और धूप बनी रही तो फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा, जिससे किसानों को बेहतर दाम मिलने की पूरी संभावना है। किसानों का कहना है कि उन्होंने सालभर खून-पसीना एक किया है। अब सब कुछ बाजार भाव पर टिका है। अगर इस बार दाम ठीक आए, तो किसान दीपावली के साथ असली उत्सव मना पाएंगे। मेहनत तो हर बार करते हैं, लेकिन अगर दाम अच्छे मिलें, तभी असली खुशी मिलती है, किसानों की यही साधारण-सी बात, इस पूरे परिश्रम और उम्मीद का सार है।*

# नगर के बजरंग चौराहे की बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर रहवासी चिंतित

### नगर विकास समिति सिलवानी ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के प्रमुख बजरंग चौराहे पर बढ़ते ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की समस्या को लेकर नगर विकास समिति सिलवानी ने मंगलवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को एक आवेदन सौंपा। समिति ने मांग की है कि चौराहे पर तत्काल प्रभाव से स्थायी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

समिति के संयोजक विनय जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की और आवेदन सौंपते हुए बताया कि बजरंग चौराहा नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है, जहां स्कूल, अस्पताल, बाज़ार और बस स्टैंड के मार्ग एकत्र होते हैं। पहले यहां ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था थी, जिससे यातायात नियंत्रण में रहता था। लेकिन कुछ समय पूर्व ड्यूटी हटा ली गई, जिससे अब स्थिति बेकाबू हो चुकी है।



**अव्यवस्थित यातायात बना दुर्घटनाओं का कारण**

प्रतिदिन इस चौराहे पर लंबा ट्रैफिक जाम लगता है, जिससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होती है बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और एंबुलेंस वाहनों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। समिति ने बताया कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के चलते दुर्घटनाओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है। वाहन चालकों द्वारा रेड सिग्नल की अवहेलना और गलत दिशा में वाहन चलाना आम हो गया है।

नगर विकास समिति ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि सार्वजनिक सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए बजरंग चौराहे पर स्थायी ट्रैफिक पुलिस बल तैनात किया जाए। साथ ही, समय समय पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं।